**Need to renovate Malda Airport in West Bengal for defence purposes**

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : मैं, सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़ी एक अति महत्वपूर्ण आवश्यकता की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ । मालदा जिला भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित है, जो लगभग 165.5 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है । यह क्षेत्र रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है । मालदा में 1962 में 144 एकड़ भूमि पर एयरपोर्ट का निर्माण हुआ था, परंतु रनवे की लंबाई केवल 1,097 मीटर होने के कारण इसका संचालन नहीं हो सका । वर्तमान में निकटतम कार्यरत सक्रिय हवाई अड्डे बागडोगरा, 241 किलोमीटर और कोलकाता, 323 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं । सीमावर्ती क्षेत्र में किसी भी संभावित सुरक्षा खतरे का मुकाबला करने के लिए मालदा एयरपोर्ट का पुनरुद्धार और उसे रक्षा उपयोग के लिए विकसित करना अत्यंत आवश्यक है । अतः सरकार से अनुरोध है कि क्षेत्र में नई भूमि खोजी जाए । यह प्रयास न केवल सीमावर्ती सुरक्षा बलों की त्वरित पहुँच सुनिश्चित करेगा बल्कि क्षेत्र में रणनीतिक लाभ भी प्रदान करेगा । अतः मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि मालदा एयरपोर्ट का रक्षा उपयोग के लिए पुनरुद्धार करने तथा आवश्यकता पड़ने पर नई भूमि की खोज करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएँ ।